संचय
SANCHAYA
रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People
मासिक प्रकाशन Monthly Publication
फरवरी-मार्च 2009 (अंक 187) February-March 2009 (Issue 187)





श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एवं विभागाध्यक्ष दिनांक 16.03.2009 को कोलकाता में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री अरविंद बिस्वास, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, कोलकाता, श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता, श्री ए.के. शाह, निदेशक अल्प बचत, पश्चिम बंगाल सरकार, सुश्री रामेश्वरी हाण्डा, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, पश्चिम बंगाल सर्कल भी दिखाई दे रहे है।

## अभिकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उद्घाटन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता केन्द्र ने अभिकर्ताओं के लिये कोलकाता में 16.03.2009 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका उद्देश्य अभिकर्ताओं को उत्पाद की जानकारी देना एवं उनकी बाजारीय कुशलता को विकसित करना था जिससे कि वे अधिक बचत एकत्रित कर सके और वर्ष 2008-09 के लिये निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने निवेशकर्ताओं से अल्प बचत जमा करने के लिये अभिकर्ताओं द्वारा अदा कि गई भूमिका की सराहना की और उनसे अधिक बचत जमा करने की अपील की जिससे कि बाजार में राष्ट्रीय बचत संस्थान की हिस्सेदारी बढ़ सके क्योंकि राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पाद अच्छी ब्याज दर, उच्च सुरक्षा और केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्याभूतित है।

श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) और श्री अरविंद बिस्वास, क्षेत्रीय निदेशक और एन.एस.आई. कोलकाता के अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय बचत के विभिन्न उत्पादों का प्रशिक्षण दिया और अभिकर्ताओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंत में अभिकर्ताओं का ये मत था कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम एन.एस.आई. द्वारा अभिकर्ताओं के लाभ के लिये बार-बार आयोजित किये जाने चाहिए।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE
http://nsiindia.gov.in.
राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान दिनांक 13.3.2009 को नागपुर में राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) द्वारा सेना डाक सेवा के अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दायें) श्री पद्‌म सिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एन.एस.आई. नागपुर, श्री एम. वेल्लुरस्वामी, डिप्टी कमांडेंट, सेना डाक सेवा एवं श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने सेना डाक सेवा अधिकारियों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 13.03.2009 को राष्ट्रीय बचत संस्थान के मुख्यालय में सेना डाक सेवा के अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बचत उत्पादों विपणन एवं उत्पाद संबंधी जानकारी देना था ताकि सेना डाक सेवा के अधिकारी सेना डाकघरों में अधिकतम धन निवेशित करा सके।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेना डाक सेवा अधिकारी संसाधनों के एकत्रीकरण में मुख्य भूमिका निभाते है क्योंकि वे राष्ट्रीय बचत उत्पाद एवं सुरक्षा कर्मियों के बीच मुख्य सूत्रधार है। उन्होंने सेना डाक सेवा अधिकारियों द्वारा फील्ड डाकघरों में अदा की जा रही बचत संग्रहण की भूमिका की सराहना की। श्री एम. वेलुस्वामी, डिप्टी कमान्डेंट, सेना डाक सेवा ने उनके संबोधन में राष्ट्रीय बचत संस्थान की सेना डाक सेवा अधिकारियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण देने हेतु सराहना की तथा आशा व्यक्त कि राष्ट्रीय बचत संस्थान भविष्य में भी उनके अधिकारियों को प्रशिक्षण देने में मदद करेंगे। श्री एस. के त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) एवं श्री पद्‌म सिंह क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में कुल 28 अधिकारी उपस्थित थे।



श्री बी. राजू बाबू, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिये श्री शैलम (आन्ध्रप्रदेश) में राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री देवेन्द्र, पोस्टमास्टर श्रीशैलम भी दिखाई दे रहे है।




डा. अमित कुमार अग्रवाल, आई.ए.एस. उपायुक्त यमुनानगर (हरियाणा), फरवरी 2009 में यमुना नगर में राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र चंडीगढ़ द्वारा आयोजित अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए। साथ ही (बायें से दायें) श्री के.के. शर्मा, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने राजस्थान राज्य में अल्प बचत क्रिया कलापों के प्रगति की समीक्षा की

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 23–24 फरवरी 2009 के दौरान जयपुर का दौरा किया और क्षेत्रीय केन्द्र, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर द्वारा अल्प बचत क्रिया कलापो के प्रगति की समीक्षा की जिसमें अल्प बचत एवं डाक कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, ग्रामीण क्षेत्रों में बचत को बढ़ावा देने के लिये स्वयं सहायता समूह के मदद से आयोजित किये जा रहे है ग्रामीण बचत अभियान की समीक्षा शामिल है।

उन्होंने श्री संतोष गौरीयार, आय.पी.एस. मुख्य पोस्टमास्तर जनरल, राजस्थान सर्किल से भी मुलाकात किया और राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य पोस्टमास्टर जनरल से ग्रामीण क्षेत्रों में बचत को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान को सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया और अभिकर्ताओं एवं निवेशकों द्वारा डाकघरों में आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की तथा डाकघर द्वारा निवेशको को अधिक उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का अनुरोध भी किया।




श्री एम. के. मल्होत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, जयपुर केन्द्र अल्प बचत अभिकर्ताओं को राष्ट्रीय बचत संस्थान, जयपुर केन्द्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये दिखाई दे रहे। साथ में श्री आर. वोहरा कोषागार अधिकारी (अल्प बचत), राजस्थान सरकार।

# अप्रैल से जनवरी 2009 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2008 तक | | जनवरी 2009 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 7285.72 | -502.84 | 8191.14 | -773.24 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 72.22 | 21.83 | 76.48 | 14.55 |
| 3. | असम | 1241.37 | -493.41 | 1416.03 | -330.26 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 20.76 | 3.24 | 23.57 | 4.89 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 227.61 | -21.91 | 293.60 | -362.14 |
| 6. | बिहार | 4414.14 | 598.70 | 4998.13 | 820.64 |
| 7. | झारखंड | 1538.92 | -36.07 | 1911.62 | 99.16 |
| 8. | चंडीगढ | 284.61 | -159.38 | 351.34 | -114.18 |
| 9. | दमण एवं दीव | 343.50 | -141.59 | 346.94 | -45.28 |
| 10. | दिल्ली | 3434.48 | -1089.25 | 3742.99 | -1592.70 |
| 11. | गोवा | 263.22 | -6.93 . | 323.47 | -28.01 |
| 12. | गुजरात | 9141.21 | -1665.70' | 10771.34 | -1153.93 |
| 13. | हरियाणा | 3519.37 | -456.40 | 3625.57 | -536.71 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1812.60 | 35.51 | 1943.47 | 76.52 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1199.72 | -66. 1 9 | 1139.07 | -52.54 |
| 16. | कर्नाटक | 4119.93 | -727.13 | 4341.13 | -1086.91 |
| 17. | केरल | 3292.45 | -534.13 | 3737.36 | -776.08 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.38 | -0.66 l | 1.81 | 0.07 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3162.35 | -447.45 | 3515.70 | -461.33 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1080.43 | -41.57 | 1178.61 | -138.17 |
| 21. | महाराष्ट्र | 9960.65 | -1709.91 | 10294.41 | -752.07 |
| 22. | मणिपुर | 52.92 | -17.86 | 66.42 | -17.41 |
| 23. | मेघालय | 122.33 | 0.44 | 132.36 | 11.65 |
| 24. | मिझोरम | 55.66 | -17.65 | 65.25 | -8.95 |
| 25. | नागालैंड | 26.84 | -8.31 | 27.46 | -2.59 |
| 26. | उडीसा | 1958.22 | 45.14 | 2219.82 | 104.10 |
| 27. | पांडीचेरी | 90.61 | -26.71 | 80.26 | -26.32 |
| 28. | पंजाब | 6474.99 | -785.29 | 6173.49 | -741.25 |
| 29. | राजस्थान | 5334.77 | -1472.17 | 6688.06 | -1660.95 |
| 30. | सिक्कीम | 40.04 | -13.57 | 41.22 | -8.62 |
| 31. | तमिलनाडू | 6317.96 | -847.90 | 6720.47 | -1131.19 |
| 32. | त्रिपूरा | 287.20 | -16.38 | 356.92 | -24.47 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 11812.89 | 223,74 | 12869.70 | 324.65 |
| 34. | उत्तरांचल | 1684.02 | 113.93 | 1895.58 | 123.47 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 12600.41 | 33.78 | 14589.15 | 580.33 |
| | कुल | **103275.50** | **-10230.05** | **114149.93** | **-9665.29** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं ।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR